AL/2016/84/STE-I

සියලු ම හිමිකම් ඇවිරිණි / முழுப் பதிப்புரிமையுடையது / All Rights Reserved

ශ්‍රී ලංකා විභාග දෙපාර්තමේන්තුව ශ්‍රී ලංකා විභාග දෙපාර්තමේන්තුව
இலங்கைப் பரீட்சைத் திணைக்களம் இலங்கைப் பரீட்சைத் திணைக்களம்
Department of Examinations, Sri Lanka Department of Examinations, Sri Lanka

2234

අධ්‍යයන පොදු සහතික පත්‍ර (උසස් පෙළ) විභාගය, 2016 අගෝස්තු
கல்விப் பொதுத் தராதரப் பத்திர (உயர் தர)ப் பரீட்சை, 2016 ஓகஸ்ற்
General Certificate of Education (Adv. Level) Examination, August 2016

| | | |
|---|---|---|
| හින්දි I<br>ஹிந்தி I<br>Hindi I | 84 STE I | පැය දෙකයි<br>இரண்டு மணித்தியாலம்<br>Two hours |

| විභාග අංකය<br>சுட்டெண்<br>Index No | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

උපදෙස් :
அறிவுறுத்தல்கள்:
Instructions:

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। निम्नलिखित वाक्यों के रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही उत्तर चुनकर उसकी संख्या दिये गये कोष्ठक में लिखिए।**

පරීක්ෂකගේ ප්‍රයෝජනය සඳහා පමණි.
பரீட்சகர்களின் உபயோகத்திற்கு மாத்திரம்.
For Examiner's use only.

| පිටු අංකය<br>பக்க இல.<br>Page No. | ප්‍රශ්න අංක<br>வினா இல.<br>Question No. | ලකුණු<br>புள்ளிகள்<br>Marks |
|---|---|---|
| 02 | 01 - 09 | |
| 03 | 10 - 20 | |
| 04 | 21 - 33 | |
| 05 | 34 - 42 | |
| 06 | 43 - 50 | |
| එකතුව / மொத்தம் / Total | | |

| | අත්සන<br>கையொப்பம்<br>Signature | සංකේත අංක<br>குறியீட்டெண்<br>Code Number |
|---|---|---|
| 1 වන පරීක්ෂකගේ<br>1 வது பரீட்சகரின்<br>1st Examiner's | | |
| 2 වන පරීක්ෂකගේ<br>2 வது பரீட்சகரின்<br>2nd Examiner's | | |
| අති / ප්‍රධාන පරීක්ෂකගේ<br>மேலதிக / பிரதான பரீட்சகரின்<br>Additional/Chief Examiner's | | |
| ගණිත පරීක්ෂකගේ<br>எண்கணிதப் பரீட்சகரின்<br>Arithmetic Checker's | | |
| ප්‍රධාන පරීක්ෂකගේ<br>பிரதான பரீட்சகரின்<br>Chief Examiner's | | |

[දෙවැනි පිටුව බලන්න./பக். 02 ஐப் பார்க்க/*See page two*

Department of Examinations Sri Lanka

43. **जो दूसरों के अधीन हो।** इन अनेक शब्दों के स्थान पर योग्य एक शब्द .............. है।
(1) पराधीन (2) स्वाधीन (3) अधीन (4) निधन (5) आदान (......)

44. **घी के चिराग जलाना।** इस मुहावरे का अर्थ .............. है।
(1) सुख जलाना (2) खुशियाँ मनाना (3) चिराग जलाना
(4) घी जलाना (5) दुख से बचना (......)

45. **जागरण सुधार काल,** यह नाम हिंदी साहित्य के ........... युग को कहा जाता है।
(1) छायावादोत्तर (2) भारतेंदु (3) द्विवेदी
(4) नव लेखन (5) प्रगति प्रयोग (......)

● **कोष्ठक में दिये गये निर्देश के अनुसार सही उत्तर चुनिए।**

46. राजू अपने मित्रों के साथ हमेशा झूठ ............। ***(आभ्यासिक वर्तमान काल)***
(1) बोल रहा है (2) बोलते रहते हैं (3) बोलता है
(4) बोलता होगा (5) बोलता रहता है (......)

47. मेरा दोस्त कल रात दिल्ली ............। ***(संदिग्ध भूतकाल)***
(1) पहुँचा होगा (2) पहुँच गया (3) पहुँचा
(4) पहुँचा था (5) पहुँचता होगा (......)

48. संभवत: आज शाम को बरसात ............। ***(सरल भविष्य)***
(1) हो रही होगी (2) हो रही है (3) होता होगा
(4) होगी (5) होगा (......)

49. उस समय बहन जी कमरा साफ़ ............। ***(तात्कालिक भूतकाल)***
(1) कर रही थी (2) कर रही थीं (3) करती थी
(4) किया था (5) की थी (......)

50. मंत्री जी से निवेदन है कि आप कृपया मंच पर ..............। ***(विधिक्रिया)***
(1) आना (2) आ (3) आओ
(4) आएँ (5) आए (......)

* * *

Department of Examinations Sri Lanka
Department of Examinations Sri Lanka

**● सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। निम्नलिखित वाक्यों के रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए योग्य सही उत्तर चुनकर उसकी संख्या दिये गये कोष्ठक में लिखिए।**

01. हिंदी, भारत की .............. है।
(1) विदेशी भाषा (2) राष्ट्रभाषा (3) अनार्य भाषा (4) उपभाषा (5) बोली
(......)

02. मौखिक हिंदी में ऋ स्वर का उच्चारण .............. के रूप में किया जाता है।
(1) इरु (2) रि (3) र (4) रु (5) इरि
(......)

03. सामान्यत: ऐ स्वर का संयुक्त (अइ) उच्चारण .............. होता है।
(1) य के पूर्व (2) व के पूर्व (3) य के बाद (4) व के बाद
(5) ह के पूर्व
(......)

04. ग् + यँ के संयुक्त व्यंजन का मानक रूप .............. होता है।
(1) ज (2) ञ (3) ग्य (4) ज्ञ (5) ज़
(......)

05. ड और ड़ व्यंजन का सही प्रयोग सहित शब्द युग्म .............. है।
(1) सूँड, अंड़ा (2) सूँड, ताड़ (3) ताड, सूँड़
(4) ताड, अंड़ा (5) अंडा, ताड़
(......)

06. अनुस्वार और अनुनासिक का सही प्रयोग सहित शब्द युग्म क्रमशः .............. है।
(1) सरसों, बाँस (2) बाँस, सरसों, (3) मंच, बाँस
(4) मंच, बांस (5) मँच, बांस
(......)

07. शुद्ध और मानक वर्तनी में लिखित सही शब्द पंक्ति .............. है।
(1) शृंगार, पुण्य, गधा (2) शृंगार, पुंय, गधा (3) शृंगार, पुंय, घदा
(4) श्रृंगार, पुण्य, गधा (5) श्रृँगार, पुंय, गधा
(......)

08. तोता, वर, शेर इन शब्दों के स्त्रीवाचक शब्द क्रमशः .............. हैं।
(1) तोते, वधू, शेरनी (2) तोते, वधुएँ, शेरनी (3) तोते, वधू, शेर
(4) तोते, वधुएँ, शेर (5) तोती, वधू, शेरनी
(......)

09. नारी, विधवा, गाय इन शब्दों के पुरुषवाचक शब्द क्रमशः .............. हैं।
(1) नारा, विधुर, बैल (2) नर, विधुर, गायी (3) नर, विधुर, गाया
(4) नर, विधुर, बैल (5) नारा, विधुर, गाया
(......)

[තුන්වැනි පිටුව බලන්න./பக். 03 ஐப் பார்க்க/*See page three*

Department of Examinations Sri Lanka
Department of Examinations Sri Lanka

34. सत्य की ओर ............. मानवों की सदा विजय होती है।
(1) चलनेवाले (2) चलनेवाली (3) चलनेवाला
(4) चलनेवालों (5) चलनेवालियाँ (......)

35. गाँववालों ने ............. चोर को पकड़ लिया था।
(1) भागता हुआ (2) भागती हुई (3) भागता
(4) भागती (5) भागते हुए (......)

36. 13, 36, 54 इन पूर्ण संख्याओं के हिंदी शब्द क्रमशः ............. हैं।
(1) तेरह, तैंतीस, चौवन (2) तेरह, छत्तीस, चौवन
(3) तेरह, छत्तीस, चौरानवे (4) तेरह, तैंतीस, चौरानवे
(5) तेईस, तैंतीस, चौवन (......)

37. ¼, 2½ इन अपूर्ण संख्याओं के हिंदी शब्द क्रमशः ............. हैं।
(1) पाव, डेढ़ (2) पाव, ढाई (3) सवा, ढाई
(4) पाव, सवा (5) सवा, डेढ़ (......)

38. घड़ी का समय 7.45 है। यह हिंदी शब्दों में ............. है।
(1) पौने सात बजे (2) सवा सात बजे (3) पौने आठ
(4) पौने आठ बजे (5) सात बजकर चार पाँच बजे (......)

39. राकेश, क्या ............. अकेले गाँव जा सकोगे?
(1) तुमको (2) तुम्हें (3) तुम (4) तुमने (5) तुम्हारे (......)

40. मुझे आज बाज़ार से कई ............. खरीदने चाहिए।
(1) कपड़े को (2) कपड़ों को (3) कपड़ा (4) कपड़ों (5) कपड़े (......)

41. शरीर, फूल, आँधी, प्रेम इन शब्दों के पर्यायवाची शब्द क्रमशः ............. हैं।
(1) तन, पुष्प, तोफ़ा, प्यारा (2) तान, पुष्प, तूफ़ान, प्यारा
(3) तन, पुष्प, तूफ़ान, प्यार (4) तन, पुष्प, अँधियारा, प्यार
(5) तान, पुष्प, अँधियारा, प्यारा (......)

42. उत्तर, निर्धन, बंद, आरंभ, इन शब्दों के विलोम शब्द क्रमशः ............. हैं।
(1) दक्षिण, धन, निबंध, अंत (2) दक्षिण, धनी, खुला, शुभारंभ
(3) दक्षिणा, धन, निबंध, अंत (4) दक्षिण, धनी, खुला, अंत
(5) दक्षिणा, धन, निबंध, शुभारंभ (......)

Department of Examinations Sri Lanka
Department of Examinations Sri Lanka

[හයවැනි පිටුව බලන්න./பக். 6 ஐப் பார்க்க/See page six

10. **माता, कवि, कुआँ, सीटी** इन शब्दों के बहुवचन शब्द क्रमशः ............. हैं।
   (1) माता, कवि, कुएँ, सीटियाँ (2) माताएँ, कवि, कुएँ, सीटी
   (3) माताएँ, कवि, कुएँ, सीटियाँ (4) माताएँ, कवियाँ, कुएँ, सीटियाँ
   (5) माताएँ, कवि, कुआएँ, सीटी (......)

11. **नक्शे, चाकू, चूड़ियाँ, लताएँ** इन शब्दों के एकवचन शब्द क्रमशः ............. हैं।
   (1) नक्शा, चाकू, चूड़िया, लताएँ (2) नक्शा, चाकू, चूड़ी, लता
   (3) नक्शा, चाकू, चूड़िया, लता (4) नक्शे, चाकू, चूड़ि, लता
   (5) नक्शा, चाकू, चूड़ि, लाता (......)

12. बताइए, इस कक्षा में ............. छात्राएँ हिंदी पढ़ती हैं?
   (1) कितनी (2) कितना (3) कितने (4) कैसा (5) कैसे (......)

13. सुनिए जी, रेलगाड़ी स्टेशन से ............. छूटेगी?
   (1) कौन-सी (2) किसकी (3) कितना (4) किसे (5) कब (......)

14. आजकल अध्यक्ष जी के स्थान पर ............. काम करता है?
   (1) कब (2) क्यों (3) कौन (4) कहाँ (5) क्या (......)

15. ............. कक्षा की छात्राएँ अपनी परीक्षा के लिए पढ़ रही हैं।
   (1) छठा (2) छठी (3) छठों (4) छह (5) छठे (......)

16. पता नहीं ............. उपवन में कितने ऋषि-मुनि रहा करते थे?
   (1) यह (2) ये (3) इन (4) इस (5) इसे (......)

17. माँ अपने ............. पुत्र को विदेश नहीं भेजना चाहती।
   (1) प्यार (2) प्यारी (3) प्यारे (4) प्यारा-सा (5) प्यारा (......)

18. तुम्हारी यह कमीज़ क्यों ............. पड़ गयी है?
   (1) इतनी पीली (2) इतना पीला (3) इतने पीले
   (4) इतना पीली (5) इतनी पीला (......)

19. बोलो भाई, इस वक्त बैंक में ............. कितने पैसे जमा करने चाहिए?
   (1) तेरी (2) तू (3) तुम्हारी (4) तुम्हें (5) तुम (......)

20. प्रायः कचहरी में बहुत ............. काम करती होंगी।
   (1) पुरुष (2) पुरुषों (3) वनिताओं (4) वनिता (5) वनिताएँ (......)

[ඉතිරිපැති පිටුව බලන්න./பக். 4 ஐப் பார்க்க/*See page four*

Department of Examinations Sri Lanka
Department of Examinations Sri Lanka

21. इस बार शर्मा जी अपने .............. का जन्म दिन किसी होटल में मनाएँगे?
(1) बेटा (2) बेटी (3) बेटे (4) बेटियों (5) बेटियाँ (......)

22. क्या आप मेरी .............. का नाम नहीं जानते?
(1) पत्नियों (2) पत्नी (3) पत्नियाँ (4) पतियों (5) पति (......)

23 छात्रावास की .............. को अच्छा खाना नहीं मिल रहा है।
(1) बालिकाएँ (2) बालकओं (3) बालिकाओं (4) बालकों (5) बालक (......)

24. .............. अच्छे अध्यापक हैं, वहाँ अच्छे विद्यार्थी भी हैं।
(1) जब-तक (2) उतना (3) जितना (4) जब-से (5) जहाँ (......)

25. वह .............. बात करता है, उतना काम नहीं करता।
(1) जितने (2) जितनी (3) जहाँ (4) जितना (5) तब (......)

26. चंद्रावली नाटक .............. रचयिता भारतेंदु हरिश्चंद्र है।
(1) को (2) की (3) में (4) का (5) से (......)

27. द्विवेदी युग के कवि खड़ीबोली भाषा .............. काव्य लिखने लगे।
(1) की (2) ने (3) में (4) को (5) पर (......)

28. मैथिलीशरण गुप्त जी .............. राष्ट्रकवि कहा जाता है।
(1) पर (2) को (3) की (4) में (5) का (......)

29. प्रेमचंद .............. हिंदी कथा साहित्य का अद्वितीय विकास किया।
(1) ने (2) से (3) में (4) की (5) को (......)

30. आप लोग छायावादी युग .............. एक निबंध लिखिए।
(1) की (2) से (3) पर (4) को (5) में (......)

31. अगले बुधवार .............. हमें एक हफ्ते की छुट्टी मिलेगी।
(1) के कारण (2) के नाते (3) के ऊपर (4) के लिए (5) के बाद (......)

32. हमें बच्चों .............. अच्छा व्यवहार करना चाहिए।
(1) के साथ (2) के नीचे (3) के बाद (4) के किनारे (5) के बिना (......)

33. मानक हिंदी पढ़ने .............. भारत जाने की आवश्यकता नहीं है।
(1) के पास (2) के सामने (3) के लिए (4) के बाहर (5) की ओर (......)



Department of Examinations Sri Lanka
Department of Examinations Sri Lanka

2234

AL/2016/84-STE-II

සියලු ම හිමිකම් ඇවිරිණි / முழுப் பதிப்புரிமையுடையது / All Rights Reserved]

ශ්‍රී ලංකා විභාග දෙපාර්තමේන්තුව
இலங்கைப் பரீட்சைத் திணைக்களம்
Department of Examinations, Sri Lanka

අධ්‍යයන පොදු සහතික පත්‍ර (උසස් පෙළ) විභාගය, 2016 අගෝස්තු
கல்விப் பொதுத் தராதரப் பத்திர (உயர் தர)ப் பரீட்சை, 2016 ஓகஸ்ற்
General Certificate of Education (Adv. Level) Examination, August 2016

| | |
|---|---|
| හින්දි | II |
| ஹிந்தி | II |
| Hindi | II |

**84 STE II**

පැය තුනයි
மூன்று மணித்தியாலம்
*Three hours*

**केवल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। भाग I के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। भाग II तथा भाग III में से एक-एक प्रश्न को चुनना अनिवार्य है।**

## भाग I

01. (क) निम्नलिखित अवतरणों में से **किसी एक** का सिंहली/तमिल/अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए। (15 अंक)

(i) अगले महीने स्कूल की छुट्टी मिलेगी। तब हमारे सिंहल-भाषा परिषद द्वारा एक शैक्षिक यात्रा का प्रबंध किया जा रहा है। यह यात्रा दो दिन की होगी। हम बस से यात्रा करेंगे। सीगिरिय, दँबुल्ल, अनुराधपुर, पॉलॉन्नरुव आदि ऐतिहासिक स्थलों को देखते हुए हम दूसरे दिन लौटेंगे। पिता जी आप जानते हैं कि सामूहिक रूप में ऐसी यात्रा से बड़ा फायदा मिलता है। हम कम खर्चे में कई स्थानों को अच्छी तरह देख सकते हैं। मित्रों के साथ भी आनंद ले सकते हैं। हमारे साथ विद्यालय के कई अध्यापक भी जाएँगे। इसलिए आप को अनावश्यक चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। हमारे अध्यापक जी ने बताया है कि यात्रा का खर्च लगभग तीन सौ रुपये पड़ेगा। राह-खर्च (जेब-खर्च) के लिए दौ सौ रुपये की आवश्यकता होगी।

(ii) समाज की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। समाज हमसे ही बनता है। समाज का प्रभाव मानव पर अत्यधिक पड़ता है। मानव का प्रभाव समाज पर पड़ता है। समाज के साथ हमें जीवन पर्यंत रहना है। इसलिए समाज को स्वच्छ और सुंदर रखना परम आवश्यक है। समाज को सुंदर और स्वच्छ रखने के लिए पहले हमें अपने परिवार को सुखी और स्वच्छ बनाने चाहिए। उसके बाद हमें अपने पड़ोस को सुखी और स्वच्छ बनाने चाहिए। क्योंकि पड़ोस भी समाज से जुड़े हैं। लेकिन कुछ लोग इस प्रकार नहीं सोचते। वे केवल अपने परिवार के बारे में ही सोचते हैं। यह स्वार्थीपन है।

[ දෙවැනි පිටුව බලන්න./பக். 2 ஐப் பார்க்க/See page two

Department of Examinations Sri Lanka

**(ख) निम्नलिखित अवतरण का हिंदी में अनुवाद कीजिए।** **(20 अंक)**

රමණී මිදුලට පැමිණියා ය. ඇය පාර දෙස බලා නැවත ගේ ඇතුළට ගියා ය. "මේ දරුවා මොකද තවම ආවේ නැත්තේ, දැන් වෙලාව අටයි." රමණී පුටුවක් මත හිඳගෙන මඳක් කල්පනා කරන්නට පටන් ගත්තා ය. නැවත ඇය පාර දෙස බලා තම සැමියාට දුරකථනයෙන් කතා කළා ය. "ඔයා කොහේද ඉන්නේ? දුව තවම ගෙදර ආවේ නෑ. ඔයා ඉක්මනට එනව ද?" ඇය වේදනාවෙන් පැවසුවා ය. ඒ මොහොතේ ම දුවගේ කටහඬ රමණීට ඇසුණි. ඇය මිදුලට දිව ආවා ය. "ඔයා මොකද මෙච්චර පරක්කු වුණේ?" යි ඇය තම දුවගෙන් ඇසුවා ය.

ரமணி முற்றத்திற்கு வந்தாள். அவள் பாதையைப் பார்த்துவிட்டு மீண்டும் வீட்டினுள் சென்றாள். "ஏன் இந்தப் பிள்ளை இன்னும் வரவில்லை; நேரம் எட்டு மணியாகவும் போகிறது." ரமணி கதிரையில் அமர்ந்தவாறு சிந்திக்கலானாள். மீண்டும் அவள் பாதையைப் பார்த்துவிட்டு தமது கணவருடன் தொலைபேசியில் கதைக்கலானாள். "நீங்கள் எங்கே இருக்கிறீர்கள் ? மகள் இன்னும் வீட்டுக்கு வரவில்லை. நீங்கள் சீக்கிரமாக வருவீர்களா ?" அவள் வேதனையுடன் வினவினாள். அவ்வேளையிலேயே மகளின் குரல் ரமணிக்குக் கேட்டது. அவள் முற்றத்திற்கு ஓடி வந்தாள். "ஏன் நீ இவ்வளவு தாமதமானாய் ?" என அவள் தனது மகளிடம் கேட்டாள்.

Ramani came to the garden. She looked at the road and then went into the house again. "Why hasn't this child come yet? Now it is almost eight." Ramani sat on a chair and she started thinking. She looked at the road again and phoned her husband. "Where are you? Daughter has not come home yet. Will you come soon?" She asked sadly. Suddenly, Ramani heard the voice of the daughter. She ran to the garden. "Why are you so late?" She asked her daughter.

**02. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों का निबंध लिखिए।**

**(20 अंक)**

- (i) विद्यार्थी जीवन
- (ii) दीपावली
- (iii) पर्यावरण प्रदूषण
- (iv) तकनीक की उन्नति

**03. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और पूछे गये प्रश्नों के हिंदी में उत्तर दीजिए।**

हमारे भारत देश में कन्या के पिता द्वारा वरपक्ष के सत्कार और सम्मान स्वरूप विभिन्न वस्तुओं तथा द्रव्यादि का दान देने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। मनुस्मृति में इसका वर्णन मिलता है। राजा जनक द्वारा पुत्री सीता के पाणिग्रहण संस्कार में पर्याप्त दास-दासियाँ, संपत्ति आदि के दान का वर्णन रामायण में मिलता है। इसके पश्चात समयानुसार हिंदू शासन काल में हम इसे दहेज-प्रथा के रूप में विकसित हुआ देखते हैं। मुस्लिम शासन काल में सामान्य हिंदू जनता धन-सम्पन्न नहीं थी, परंतु धनाढ्य लोग अपनी कन्या के विवाह में दहेज देकर अपने वैभव का प्रदर्शन करने लगे थे।

(i) प्राचीन काल से कौन-सी परंपरा चली आ रही है? (02 अंक)

(ii) इस परंपरा का वर्णन कहाँ मिलता है? (02 अंक)

(iii) रामायण में क्या वर्णन मिलता है? (02 अंक)

(iv) हिंदू शासन काल में इसे किस रूप में विकसित हुआ है? (03 अंक)

(v) मुस्लिम शासन काल में सामान्य हिंदू जनता कैसी थी ? (02 अंक)

(vi) मुस्लिम शासन काल में धनाढ्य लोग किस प्रकार विवाह करते थे? (02 अंक)

(vii) इस गद्यांश में किस विषय की चर्चा हो रही है? (02 अंक)

[තුන්වැනි පිටුව බලන්න./பக். 3 ஐப் பார்க்க/*See page three*

Department of Examinations Sri Lanka
Department of Examinations Sri Lanka

## भाग II

04. निम्नलिखित वाक्य खंडों के आधार पर लगभग 75 शब्दों की **कहानी हिंदी में** लिखिए।
(15 अंक)

एक किसान के पास एक मुर्गी थी ..........वह रोज़ सोने का अंडा देती थी। ..........
किसान ने सोचा कि सब अंडे निकाल लूँ। .......... उसने मुर्गी को मारा ..........तो वह बहुत
दुख हुआ।

05. स्कूल के क्रीड़ा उत्सव का वर्णन करते हुए विदेश में रहनेवाले अपने पिता के नाम एक पत्र लिखिए।
(15 अंक)

## भाग III

06. कोष्ठक में दिये प्रश्नों के अनुसार निम्नलिखित अवतरणों का संदर्भ लिखिए। (15 अंक)
*(किस रचयिता के किस पाठ से उद्धृत है? किसने; किससे; क्यों कहा है?)*

(i) "महाराज आपके उपदेशों से मुझे सच्चा ज्ञान प्राप्त हो गया है और इस संसार से मेरा मन फिर गया है। झूठ-कपट से मैंने जो धन कमाया है, वह सब मैं आपके चरणों में रख रहा हूँ।"

(ii) "ठीक है महाराज, क्षत्रिय अपना आखेट नहीं छोड़ सकता। परंतु क्षत्रिय शरणागत को धोखा नहीं दे सकता। हंस मेरी शरण में आ चुका है, मैं उसे नहीं लौटाऊँगा।"

(iii) "भैया, कर्तव्य तो सदैव ही स्वीकार करना चाहिए और ऐसे नगर-निवासियों की सेवा करना हमारा कर्तव्य ही होना चाहिए।"

**अथवा**

निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। (15 अंक)

राखी बाँधकर भाई मेरे
बहन तेरी बन जाऊँ,
आ जा अब तू पास मेरे
तुझको मैं तिलक लगाऊँ।।

चूहे राजा फिर यूँ बोले
छोड़ो सारे काम बाकी,
घर जाने की जल्दी मुझको
डाक से भेज देना राखी!!



Department of Examinations Sri Lanka
Department of Examinations Sri Lanka

07. छायावादी युग का सविस्तर वर्णन कीजिए। (15 अंक)

*(उत्तर सिंहली / अंग्रेज़ी / हिंदी में दिया जा सकता है)*

**अथवा**

निम्नलिखित साहित्यकारों में से **किन्हीं दो** की साहित्यिक सेवाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए। (15 अंक)

(i) भारतेंदु हरिश्चंद्र (ii) मैथिलीशरण गुप्त (iii) जयशंकर प्रसाद

* * *

Department of Examinations Sri Lanka
Department of Examinations Sri Lanka